एसपीए का 11वां दीक्षांत समारोह आज

भोपाल. योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल का 11वां दीक्षांत समारोह 25 अक्टूबर को 4 बजे शुरू होगा। राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रोफेसर किशोर कुमार बासा इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे, जो दो दशकों से अधिक समय तक उत्कल विश्वविद्यालय में पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहे हैं। इस अवसर पर 263 स्नातकों (125 स्नातक, 129 परास्नातक, 9 पीएचडी) को उपाधियां प्रदान की जाएगी, जिनमें वास्तुकला में स्नातक, योजना में स्नातक, वास्तुकला में परास्नातक (संरक्षण), वास्तुकला में परास्नातक (भूपरिदृश्य), वास्तुकला में परास्नातक (नगर अभिकल्पना), अभिकल्प में परास्नातक, योजना परास्नातक (पर्यावरण योजना), योजना परास्नातक (परिवहन योजना एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन), योजना परास्नातक (नगर एवं क्षेत्रीय योजना) एवं विद्या वाचस्पति (पीएचडी) विधाओं (वर्ग) के छात्रों को उपाधियां दी जाएंगी।

CamScanner